हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
7 अगस्त 2024, समय 1810

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज दिल्ली में हथकरघा बुनकरों को संत कबीर एवं राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किये।

श्री धनखड़ ने लोगों से हथकरघा उत्पादों का प्रयोग करने का आग्रह किया।

- हरियाली तीज पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की।

हरियाणा में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर अब 500 रुपये में मिलेगा।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलवान विनेश फोगाट को सांत्वना दी।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है, कि भारतीय ओपंलिक संघ ने पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने पर विश्व कुश्ती संघ में विरोध दर्ज करवा दिया है।

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 7वां हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरु हुआ।

अभिनेत्री रूपा गांगुली को स्मिता अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि भारत दो वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रगति कर रहा है। यह प्रगति अजेय है। उपराष्ट्रपति नई दिल्ली में 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद को लेकर कहा कि यह देश की आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद विदेशी मुद्रा को बचाने और रोजगार सृजित करने तथा देश में उद्यमशीलता के अवसर पैदा करने में सहायक होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि हथकरघा उत्पाद इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने में सहकारी क्षेत्र एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। श्री धनखड़ ने लोगों से हथकरघा उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर श्री धनखड़ ने हथकरघा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हथकरघा बुनकरों को संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार भी प्रदान किए।

आज देश भर में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है । भारत में हथकरघा दिवस समारोह की शुरुआत स्वदेशी आंदोलन से हुई । हरियाणा में भी राष्ट्रीय हथकरघा दिवस को लेकर बुनकरों और इस क्षेत्र में काम कर रहे समूहों में खासा उत्साह है ।

हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान रखने वाले विशेष पर्व हरियाली तीज पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लाभार्थी परिवारों को गैस सिलेंडर अब 500 रुपये में मिलेगा ।आज जींद में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत स्व रोजगार स्थापित करने के लिए दी जाने वाली 3 लाख रुपये की ऋण राशि को बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने , स्वयं सहायता समूहों को दैनिक जरूरतों के लिए दिए जाने वाले 20 हजार रुपये के चक्रीय निधि की राशि को बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने समूह सखी के मासिक मानदेय को भी 150 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये करने की घोषणा भी की ।श्री सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजना के तहत अब स्कूलों में पढ़ने वाली 14 से 18 वर्ष की बेटियों में कुपोषण को रोकने के लिए उन्हें 150 दिन फोर्टिफाइड दूध दिया जाएगा। इससे 2 लाख 65 हजार किशोरियों को लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने उपस्थित महिलाओं और प्रदेशवासियों को हरियाली खुशहाली के प्रतीक तीज के पावन पर्व की हार्दिक बधाई दी और लगभग 30 हजार महिलाओं को कोथली भेंट की।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीज उत्सव पर भाई द्वारा अपनी बहन को कोथली देने की हमारी सदियों पुरानी परंपरा है।मुख्यमंत्री ने समारोह में स्वयं सहायता समूहों की बहनों को 100 करोड़ रुपये के ब्याज रहित ऋण भी प्रदान किये। उन्होंने प्रदेश के 66 महिला स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया, साथ ही, हर जिले में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले स्वयं सहायता समूहों को भी कुल 38 लाख 50 हजार रुपये की राशि देकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री ने महिलाओं से हरियाली तीज के अवसर पर कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने की अपील भी की । मुख्यमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के दूसरे चरण में आज एक जागरूकता वैन को भी झण्डी दिखाकर रवाना किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री ने पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की गई थी। अब हरियाणा में बेटियो की अनुपात दर 871 से सुधरकर 941 हो गई है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि यह मोबाइल वैन

राज्य के ऐसे 10 जिलों में जाएंगी जहां लिंगानुपात में बहुत अधिक भिन्नता है। उन जिलों में जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी ।

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पेरिस ओलंपिक में 50 किलोग्राम महिला कुश्ती फाइनल से अयोग्य घोषित होने वाली पहलवान विनेश फोगाट को सांत्वना दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह सदमा दुखद है और उनके पास अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहलवान फोगाट चैंपियनों में चैंपियन हैं और भारत का गौरव हैं जो हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। श्री मोदी ने यह भी कहा कि विनेश का स्वभाव हमेशा चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने का रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर कोई उनका समर्थन कर रहा है और उम्मीद है कि वह इस निराशा से मजबूत होकर वापस आएंगी।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारतीय ओपंलिक संघ ने पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने के लिए विश्व कुश्ती संघ में विरोध दर्ज करा दिया है।डाक्टर मांडविया ने आज लोकसभा में कहा कि केंद्र सरकार विनेश को सभी प्रकार की सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी उषा से इस विषय में बातचीत की है। डाक्टर मांडविया ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ से इस बारे में सभी संभावनाएं तलाशने को कहा गया है।खेल मंत्री ने कहा कि विनेश फोगाट 50 किलोग्राम भार वर्ग में खेल रहीं थी और उनका वजन तय सीमा से सौ ग्राम अधिक पाया गया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग और कला एंव संस्कृति विकास सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7वें हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की आज शुरुआत हुई । कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा फिल्मी कलाकार रूपा गांगुली, अखिलेन्द्र मिश्रा, मुनमुन सेन व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके साथ ही गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि महाभारत सीरियल में द्रौपदी का अभिनय करने वाली रूपा गांगुली ने इस अवसर पर कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आकर मां भद्रकाली, ज्योतिसर व ब्रह्म सरोवर के दर्शन कर वह अभिभूत है और इस भूमि का नमन करती हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म अभिनेता भी आम इंसान हैं, उनको समझने की जरूरत है।अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर फिल्म जगत में बहुमूल्य योगदान

देने के लिए अभिनेत्री रूपा गांगुली को  स्मिता अवार्ड से सम्मानित किया गया ।महोत्सव में विभिन्न देशों की 75 फिल्में दिखाई जाएंगी ।